# दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com

क्रमांकः–प–1 ( )परीक्षा / 2023–2024 / 7333 दिनांकः– 24/4/24

## बी.एड. (2वर्षीय) व बी.एससी.–बी.एड़ / बी.ए.–बी.एड.(4वर्षीय) मुख्य परीक्षा–2024 के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने सम्बंधी विज्ञप्ति

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से सम्बद्धता प्राप्त झुन्झुनू, सीकर एवं नीमकाथाना जिलों के बी.एड. (2वर्षीय) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष एव बी.एससी.–बी.एड. / बी.ए.–बी.एड.(4वर्षीय) भाग प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष के नियमित एवं पूर्व छात्रों को सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा–2024 के परीक्षा आवेदन पत्र ई–मित्र / ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM के माध्यम से ऑनलाईन भरने की तिथियां निम्नानुसार हैं–

| | |
|---|---|
| 1. बिना विलम्ब शुल्क तिथि | 25.04.2024 से 04.05.2024 तक |
| 2. 100 / – रूपये विलम्ब शुल्क सहित तिथि | 05.05.2024 से 08.05.2024 तक |
| 3. दोगुना शुल्क सहित तिथि | 09.05.2024 से 11.05.2024 तक |

### सामान्य निर्देश

1. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर सावधानी पूर्वक भरें। निर्धारित शुल्क जमा होने के पश्चात् आवेदन पत्र का तीन प्रतियों में प्रिंट लेकर उसमें से दो प्रति (महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय कॉपी) समस्त दस्तावेजों के साथ निर्धारित अवधि में संबंधित महाविद्यालय में जमा करावें। आवेदन पत्र की एक प्रति परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से अपने पास सुरक्षित रखें।

   **परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं हो पायेगा।**
2. बी.एड.(2वर्षीय) प्रथम वर्ष एवं बी.एससी.–बी.एड़ / बी.ए.–बी.एड..(4वर्षीय) भाग प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों को अपना परीक्षा आवेदन पत्र पी.टी.ई.टी.–2023 के रोल नम्बर से ही भरना होगा।
3. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना आधार कार्ड नम्बर दर्ज करना अनिवार्य है।
4. महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म को अग्रेषित करने के संबंध में प्रक्रिया हेतु दिशा निर्देशों का भली–भांति अवलोकन कर लेवें।
5. माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नियमित छात्र / छात्राओं की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, यह सम्बन्धित प्राचार्य अपने स्तर पर सुनिश्चित करें।
6. **परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा फार्म जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फार्म ही स्वीकार होंगे।**
7. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा निर्देश विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** पर उपलब्ध है।

**नोटः**–परीक्षा आवेदन व नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7398532208** एवं **8960032208** तथा आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **9137483284** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(डॉ. अरिन्दम बासु)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः–प–1 ( )परीक्षा / 2023–2024 / 1333 दिनांकः– 24/4/24

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्राचार्य समस्त शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि:–
   a. यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षार्थियों से प्राप्त परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी दो प्रतियों में मय वांछित दस्तावेज प्राप्त कर ली है। **संबंधित शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राप्त परीक्षा फॉर्मों को भली–भांति जांच कर निर्धारित समय में प्रत्येक परीक्षा फार्म की एक प्रति विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करेंगे।**
   b. विश्वविद्यालय से संबद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित एवं पूर्व छात्रों से फॉर्म भरवाये जाने हैं **उससे अधिक होने पर या पी.टी.ई.टी. के माध्यम के अलावा छात्रों के परीक्षा आवेदन निरस्त होंगे तथा प्रति छात्र रू. 10,000/– पैनल्टी लगेगी। इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा–फॉर्मों के साथ संलग्न करना होगा।**
   c. माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, यह संबंधित महाविद्यालय प्राचार्य सुनिश्चित कर लें।
   संबंधित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषण करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियां पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी हैं। यदि आवेदन पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे– परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पात्रता परीक्षा संबंधी सभी सूचनाएं आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर जमा करें। **ई–मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM के द्वारा देय रसीद की फोटो प्रति के पीछे जमा कर्ता के हस्ताक्षर एवं महाविद्यालय की मोहर अंकित कर परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें, छात्र इस रसीद को सबूत के तौर पर सुरक्षित रखें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन पत्र की कम्प्यूटर प्रति ऊपर रहे तथा उसके नीचे कार्यालय प्रति मय पूर्व में उत्तीर्ण आवश्यक अंकतालिकाओं की छायाप्रति आदि संलग्न हो।**
2. वित्त नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि वे शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों की परीक्षा– 2024 हेतु ई–मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क की राशि जमा विवरण प्राप्त कर मिलान करने का भी श्रम करें।
3. निजी सचिव; कुलपति/कुलसचिव/निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
4. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर आग्रह है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के जिलों में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर आदि) में एक बार प्रकाशित करवावें एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित कराने की व्यवस्था करें।
5. समस्त अनुभागाधिकारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
6. संबंधित कम्प्यूटर फर्म।
7. गार्ड फाईल।

(डॉ. अरिन्दम बासु)
परीक्षा नियंत्रक

## परिशिष्ठ–अ

## मुख्य परीक्षा 2024 के लिए ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरवाने संबंधी दिशा–निर्देश

1. नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थियों का निर्धारित परीक्षा शुल्क ई–मित्र/ ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM के माध्यम से अदा करना होगा। परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा फॉर्म की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:–

   छात्र सर्वप्रथम वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** पर विजिट कर अपनी कक्षा से संबंधित पंजीकरण करवाकर ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरेंगे। बी.एड..(2वर्षीय) प्रथम वर्ष एव बी.ए.–बी.एड., बी. एससी.–बी.एड.(4वर्षीय) भाग प्रथम वर्ष के परीक्षार्थी अपना परीक्षा फॉर्म पी.टी.ई.टी. 2023 के रोल नम्बर से ही भरना होगा।

   a. निर्धारित शुल्क के चालान का प्रिन्ट लेकर कैशलेश पद्धति ई–मित्र या ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM से शुल्क जमा करवाया जा सकता है। पुनः वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** पर लॉगईन कर चालान नंबर और टोकन नंबर अंकित कर अपनी परीक्षा फार्म की तीन प्रतियां प्रिंट करें। (एक प्रति महाविद्यालय, एक प्रति विश्वविद्यालय एवं एक प्रति स्वयं परीक्षार्थी)

   b. परीक्षा आवेदन पत्र में मुद्रित सभी सूचनायें सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढ़ें।

   c. **ई–मित्र पर एक बार परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा और ई–मित्र पर जमा शुल्क का टोकन निरस्त नहीं होगा। संबंधित ई–मित्र/सी.एस.सी. कियोस्क भी यह सुनिश्चित कर लें।**

   d. परीक्षार्थियों द्वारा ई–मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम (नकद/बैंक ड्राफ्ट/चैक/पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा जमा कराया गया परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।

2. विश्वविद्यालय परीक्षा–2023 में प्रविष्ठ हो चुके छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र पिछली कक्षा के रोल नंबर से ही भरे जा सकेंगे।

3. परीक्षा फार्म जमा करवाने की व्यवस्था निम्न प्रकार है:–

   a. नियमित विद्यार्थी

      i. तीन प्रतियों में परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी का प्रिन्ट लेकर तथा ई–मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM पर जमा शुल्क की रसीद की मूल प्रति को परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी की दो प्रतियों के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों से शुल्क जमा करवाने की तिथि से अगले **तीन कार्य दिवस** तक उन महाविद्यालयों में जमा करायेंगे जिनमें उनका नियमित प्रवेश है। एक प्रति परीक्षार्थी स्वयं के पास अवश्य रखे।

      ii. संबंधित महाविद्यालय परीक्षार्थियों के फार्म की जांच कर उनके परीक्षा फार्म पर अंकित फार्म नंबर से उन्हें वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** पर अपने लॉगिन आईडी (कॉलेज कोड) एवं पासवर्ड से विजिट कर वेरीफाई बटन दबाकर दर्ज करेंगे। कक्षा एवं संकायवार परीक्षार्थियों की सूची का दो प्रतियों में प्रिंट लेकर परीक्षा फार्मों की एक हार्ड कॉपी मय दस्तावेज के सूची के क्रमानुसार संलग्न कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।

      iii. महाविद्यालय परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय को प्रेषित करने से पूर्व परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा फार्म में अंकित किये गये विषयों की गहन जांच कर यह सुनिश्चित करेंगे कि **महाविद्यालय द्वारा छात्र को आवंटित विषय में ही फार्म भरे गये हैं** तथा विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित **सीटों पर ही प्रवेश दिया गया है।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान की प्रवेश नीति की पूर्णतः **पालना की गई है। इस संबंध में किसी भी त्रुटि के लिए** महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होंगे **तथा इस आशय का शपथ पत्र भी आवेदन पत्रों के साथ संलग्न करेंगे।**

b. पूर्व–परीक्षार्थी (Ex-Student)

परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करवायेंगे, जिस महाविद्यालय से वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण हुये थे, संबंधित महाविद्यालय ऐसे छात्रों की पृथक से सूची तैयार कर परीक्षा आवेदन पत्र के साथ विश्वविद्यालय मे जमा करावें।

c. **महाविद्यालय द्वारा वेबसाईट पर पंजीयन तथा परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर विश्वविद्यालय में अग्रेषित करने की प्रक्रियाः**

संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्रों को कक्षावार व्यवस्थित कर निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय लॉगिन आई.डी. से वेरिफाई करके विश्वविद्यालय में जमा करवायेंगे।

i. नवीन संबद्धता प्राप्त अथवा जिन महाविद्यालयों को गत वर्ष लोगिन आई.डी./पासवर्ड आवंटित नहीं हुआ है ऐसे महाविद्यालय उनको आवंटित महाविद्यालय कोड से वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** के कॉलेज पोर्टल पर अपना ई–मेल आई.डी. एवं मोबाईल नम्बर का रजिस्ट्रेशन करवायेंगे। तत्पश्चात् उन्हें महाविद्यालय लॉगिन आई.डी. एवं वन टाईम पासवर्ड पंजीकृत मोबाईल/ई–मेल आई.डी. पर उपलब्ध कराया जायेगा। महाविद्यालय अपना नया पासवर्ड बदलने के ऑप्सन पर अपना नया पासवर्ड उसी वेबसाईट पर अपने स्तर पर बदल सकेंगे।

ii. ऑनलाईन गेटवे/ ई–मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY SYSTEM के माध्यम से जमा शुल्क के साथ प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी को कक्षा एवं श्रेणीवार उसी वेबसाईट के कॉलेज पोर्टल पर प्रत्येक छात्र के परीक्षा आवेदन पत्र को प्रमाणित (वेरीफाई) करें। संबंधित कक्षा के सभी परीक्षा आवेदन पत्रों को प्रमाणित करने के पश्चात् आवेदन पत्रों को प्रमाणित करने के पश्चात् प्रिन्ट ऑप्शन पर जाकर Nominal Roll का प्रिन्ट लें। तत्पश्चात् Nominal Roll लिस्ट के क्रमानुसार ही संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्रों को व्यवस्थित कर Nominal Roll लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय में जमा करवायें।

**नोटः– उक्त प्रक्रिया के अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

4. परीक्षार्थी ध्यान रखें कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फॉर्मों पर विचार **नहीं किया जायेगा।** अतः ऐसे परीक्षा फॉर्म स्वतः ही निरस्त समझे जायेंगें
5. **संबंधित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन करने के पश्चात् बाद में किसी भी परिस्थिति में बदलाव संभव नहीं होगा। (वैकल्पिक विषयों में न्यूनतम छात्र संख्या आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की प्रवेश नीति के अनुरूप ही होनी चाहिए)**
6. **परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म को सावधानी पूर्वक भरें, अन्यथा परीक्षार्थी के फॉर्म में किसी भी प्रकार की गलती जैसे– नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, एनरोलमेन्ट नंबर, इत्यादि में बाद में संशोधन करवाने पर रू. 200/– प्रति गलती परीक्षार्थी द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करवाने पर परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि से 15 दिवस के अन्दर ही सुधार संभव होगा।**
7. जिन परीक्षार्थियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है तथा अब नियमित छात्र के रूप में परीक्षा आवेदन कर रहे हैं, वे अपना मूल प्रवर्जन प्रमाण–पत्र (माइग्रेशन) परीक्षा आवेदन पत्र के साथ जमा अवश्य करवायें। परीक्षा आवेदन पत्र के साथ जमा नहीं करवाने की स्थिति में उनका परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जायेगा।
8. परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र आवंटित करने संबंधित सूचना उनके परीक्षा प्रवेश–पत्र में उपलब्ध करायी जायेगी।
9. नवीन परीक्षा फार्म भरने वाले छात्र अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, बोर्ड की अंकतालिका के अनुसार भरें।
10. विश्वविद्यालय परीक्षा, 2024 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क मय स्पोर्ट्स बोर्ड शुल्क एवं विकास शुल्क निम्नानुसार हैंः–

11. नियमित एवं पूर्व छात्र द्वारा देय परीक्षा शुल्क का विवरण:–

## FEE PAYABLE FOR B.Ed. 2 YEAR COURSES EXAM. 2024

| S.No. | Particulars | Regular | Ex-Students |
|---|---|---|---|
| 1 | B.Ed. Pt.-I (If not enrolled). (Enrollment & Eligibility Fees 290+290= 580/-) | 2420/- | 2530/- |
| 2 | B.Ed. Pt-II | 2420/- | 2530/- |
| 3 | **Due Paper-**<br>One Paper<br>Two Paper<br>Three Paper (Full Examination Fee) | <br>1050/-<br>1580/-<br>---- | <br>---<br>---<br>--- |
| 4 | Fees for Physically Challenged Students (For above all categories) | 500/- | 550/- |

## FEE PAYABLE FOR B.A.-B.Ed./B.Sc.-B.Ed.(INTEGRATED COURSES) EXAM. 2024

| S.No. | Particulars | Regular | Ex-Students |
|---|---|---|---|
| 1 | B.A.B.Ed.-B.Sc.B.Ed. I- Year (If not enrolled). (Enrollment & Eligibility Fees 290+290= 580/-) | 2200/- | 2300/- |
| 2 | B.A.B.Ed.-B.Sc.-B.Ed. II- Year | 2300/- | 2500/- |
| 3 | B.A.B.Ed.-B.Sc.-B.Ed. III- Year | 2300/- | 2500/- |
| 4 | B.A.B.Ed.-B.Sc.-B.Ed. IV- Year | 2300/- | 2500/- |
| | **Due Paper-**<br>One Paper<br>Two Paper<br>Three Paper (Full Examination Fee) | <br>1050/-<br>1580/-<br>---- | <br>---<br>---<br>--- |
| 5 | Fees for Physically Challenged Students (For above all categories) | 500/- | 550/- |

नोटः–

i. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि मेडिकल ऑफिसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

ii. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त संबंधित महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नहीं लिया जावे।

(डॉ. अरिन्दम बासु)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः–प–1 ( )परीक्षा/2023–2024/ 7333

दिनांकः– 24/4/24

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. कुलपति सचिवालय, प.दी.द.उ.शे.वि.वि., सीकर।
2. कुलसचिव, प.दी.द.उ.शे.वि.वि., सीकर।
3. प्राचार्य, सम्बद्ध समस्त शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, प.दी.द.उ.शे.वि.वि., सीकर।
4. वित्त नियंत्रक, प.दी.द.उ.शे.वि.वि., सीकर।
5. संबंधित कम्प्यूटर फर्म।
6. गार्ड फाईल।

(डॉ. संजीव कुमार)
सहायक कुलसचिव परीक्षा